कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकःमा0/ 1622 /2020–21 दिनांक 04.04.2020

प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक– राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्त विहीन माध्यामिक,बेसिक, सी0बी0एस0ई0, आई0सी0 एस0 ई0 / संस्कृत विद्यालय

प्राचार्य– महाविद्यालय, डी0एल0एड0, आई0टी0आई0, पालीटेकनिक, फार्मेसी, तकनीकी संस्थान

अध्यक्ष/सचिव– अभिभावक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ, जनपदीय माध्यमिक विद्यालय क्रीडा सचिव, यू0पी0एजु0मिनि0 एसोसिएशन व्यापार मण्डल सहकारी समिति, खेलकूद संघ, जिला अधिवक्ता संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ, स्वयं सेवी संस्थाओं, एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी, एन0सी0सी0 कमाडेंण्टस, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एन0एस0 यू0आई0।

विषयः–केन्द्र सरकार द्वारा जारी ''आरोग्य सेतु ऐप'' डाउनलोड कर सूचना उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

उपर्युक्त विषयक के सम्बंध में आप सभी को अवगत कराया जाता है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा, सहायता एवं जानकार हेतु केन्द्र सरकार द्वारा आपकी सुविधा हेतु ''आरोग्य सेतु एप'' एप जारी किया गया है जिसके माध्यम से आपके आस–पास कोरोना वायरस से सम्बन्धित गतिविधियॉ, चिकित्सकीय सहायता आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है अथवा किसी अपरिहार्य स्थिति में सहायता हेतु सम्पर्क किया जा सकता है। उपरोक्त एप को https://www.mygov.in/aarogya-setu-app/ लिंक से अपने मोबाइल में डाउनलोडकर अपने को पंजीकृत करेंगे तथा अपने विद्यालय के शिक्षक गणों, छात्र/छात्राओं, तथा अपने सुभचिंतको को उस एप की जानकारी का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया (फेसबुक, टिवटर, व्हाटसएप) व प्रिंट मीडिया के माध्यम से कराते हुए उनको पंजीकृत कराने हेतु जागरूक करेंगे। आपके सम्पर्क से पंजीकृत हुये सदस्यों की संख्या का विवरण एवं एप के पंजीकरण कराने की स्कीनषाट देते हुए दिनांक 04.04.2020 की अपरान्ह 12 बजे तक विभागीय व्हाटस एप ग्रुप पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तॉकि सूचना संकलित कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जा सके।

डा0(नीरज कुमार पाण्डेय)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
गौतमबुद्धनगर।

पृ0सं0/मा0शि0/ 1622 /2020–21 दिनांकः उक्तवत्

प्रतिलिपिः निम्नाकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित–

1–जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर।
2–पुलिस आयुक्त महोदय, गौतमबुद्धनगर।
3–शिक्षा निदेशक(मा0)उ0प्र0, लखनऊ।
4–मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मण्डल, मेरठ।
5–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
6–सम्पादक, दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना को अपने–अपने लोक प्रिय समाचार पत्र में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करे।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गौतमबुद्धनगर।